आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 24.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में निकाय चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न कराए जाएंगे।
- राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में नए मतदाताओं की भूमिका को अहम बताया। निकाय चुनावों में 10 हजार 328 नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून में ''नेत्र रोग जागरूकता गोष्ठी'' का उद्घाटन किया। उन्होंने आंखों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।
- सांसद अनिल बलूनी ने कहा– गढ़वाल क्षेत्र के दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

निकाय चुनाव

उत्तराखंड में नागर निकाय सामान्य निर्वाचन– 2024 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि इस बार मतदान प्रक्रिया परंपरागत तरीके से बैलेट पेपर से ही कराई जाएगी। ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त के मुताबिक कई बार तकनीकी खामियों और ईवीएम को लेकर विवाद खड़े हो चुके हैं। इन विवादों से बचने और चुनाव प्रक्रिया को जनता के बीच अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि मतपत्रों की छपाई, मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं की समीक्षा और मतगणना प्रक्रिया को लेकर अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा ळें गौरतलब है कि निकाय चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। चुनाव आयोग के अनुसार, 23 जनवरी को सभी निकायों के लिए मतदान होगा और 25 जनवरी को मतगणना के साथ ही परिणाम घोषित किए जाएंगे।

मतदाता

उत्तराखंड में नगर निकाय चुनावों में दस हजार तीन सौ अट्ठाईस नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नए मतदाताओं में चार हजार आठ सौ छियानवे महिलाएं और पांच हजार चार सौ

बत्तीस पुरुष मतदाता शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में नए मतदाता अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में नए मतदाताओं की भागीदारी से न केवल राजनीतिक जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि निकाय स्तर पर प्रशासन को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आयोग ने नए पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 24 हजार 948 नए मतदाताओं को सूची में शामिल किया गया, जिनमें 11 हजार 655 महिलाएं और 13 हजार 293 पुरुष शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने नए मतदाताओं से चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया है।

नेत्र जागरूकता शिविर

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून स्थित राजभवन में ''नेत्र रोग जागरूकता गोष्ठी और मोतियाबिंद ऑपरेशन सप्ताह'' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ये अभियान समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित समुदायों के लिए नेत्र स्वास्थ्य और उपचार का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि आज की आधुनिक जीवनशैली, मोबाइल, टीवी और डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण आंखों पर दबाव और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके लिए उन्होंने आंखों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जाने आवश्यक पर बल दिया। अभियान के तहत कल से 31 दिसम्बर तक प्रदेश के पन्द्रह चिकित्सा केंद्रों में निःशुल्क नेत्र रोग परीक्षण और मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में आंखों की जांच, परामर्श और मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे। पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए मिलिट्री हॉस्पिटल देहरादून में प्रसिद्ध सर्जन ब्रिगेडियर संजय मिश्रा मोतियाबिंद का ऑपरेशन करेंगे और मरीजों को परामर्श देंगे।

नेटवर्क कनेक्टिविटी

लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने कहा है कि गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। पौड़ी में आज आयोजित बैठक में श्री बलूनी ने दूरसंचार सेवा को लेकर चमोली, रुद्रप्रयाग और पौड़ी के जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से नेटवर्क की समस्या वाले स्थानों को चिन्हित कर पूरी जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर दिया। सांसद ने कहा कि नेटवर्क कंपनियों से बातचीत की जा रही है और मोबाइल टावरों की क्षमता बढ़ाने या नए टावर लगाने पर काम किया जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर नेटवर्क सेवाएं मिल सकें। प्रदेश के पर्वतीय अंचल और दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर संचार सेवाओं से लोगों को डिजिटल भुगतान,

ऑनलाइन कार्य और स्कूली छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं व बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ भी लोगों तक आसानी से पहुंच सकेगा।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के सहस्त्रधारा में लगभग 37 करोड़ से निर्मित होने वाली 3 सड़क योजनाओं का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम्य विकास मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के सीमांत क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 वर्षों में देश में कुल 8 लाख 28 हजार किलोमीटर लम्बी सड़कों का निर्माण हो चुका है, जिसमें कुल 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपये खर्च हुऐ हैं। वहीं, उत्तराखण्ड में कुल 20 हजार 274 किलोमीटर लम्बी सड़कों का निर्माण हो चुका है, जिसमें कुल 10 हजार 373 करोड़ रुपये खर्च हुऐ हैं।

साइबर अपराध जागरूकता

साइबर अपराध को रोकने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज पौड़ी पुलिस ने स्कूली छात्र–छात्राओं को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए इन अपराधों से बचने की सलाह दी। सीओ सदर अनुज कुमार ने पौड़ी के अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज में छात्र–छात्राओं से संवाद करते हुए साइबर अपराधों से सतर्क रहने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। श्री कुमार ने बताया कि अपराधी पुलिस अधिकारी, बैंक मैनेजर बनकर या लॉटरी का लालच देकर लोगों को ठग रहे हैं। उन्होंने साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में शीतलहर से ठंड बढ़ गई है। बर्फबारी के कारण अवरुद्ध सड़कों को खोलने के प्रयास जारी हैं। इसके लिए जिला प्रशासन ने पर्याप्त मशीनें और श्रमिक तैनात कर दिए हैं, ताकि समय रहते सड़कों

को सुचारू किया जा सके। उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमी बर्फ को हटाने में प्रशासन जुटा हुआ है। प्रदेश के चारों धामों समेत नीति घाटी में भारी बर्फबारी की खबर है। मौसम विभाग ने आज से 28 दिसंबर तक प्रदेश के 2 हजार 2 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में मध्यम बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने ठंड से बचाव के लिए सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को ढककर रखने की सलाह दी है। साथ ही ज्यादा लंबे समय तक ठंड में न रहने को कहा गया है। इसके साथ ही विभाग ने जिला प्रशासन से सड़कों पर फिसलन से बचने के लिए आवश्यक प्रबंध करने पर जोर दिया है।

राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता

28 जनवरी से प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां प्रदेश में युद्ध स्तर पर चल रही हैं। ये खेल हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, ऊधमसिंह नगर और अल्मोड़ा जिलों में आयोजित किए जाएंगे। हरिद्वार के रोशनाबाद स्टेडियम में राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के अलावा कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ओलंपिक संघ के राष्ट्रीय सचिव डीके सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के जरिए उत्तराखंड के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

बजट–पूर्व परामर्श

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग में वरिष्ठ अर्थशास्त्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श में भाग लिया।

केंद्रीय वित्त मंत्री विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों, किसान संघों, अर्थशास्त्रियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ परामर्श कर चुकी हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री आगामी पहली फरवरी को लोकसभा में वर्ष 2025–26 का बजट पेश कर सकती हैं।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जा रहा है। हर साल 24 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करता है। इसी दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 लागू हुआ था। इस वर्ष का विषय है – वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच। इस मौके पर प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी दी गयी।